पत्रिका

भोपाल में '500' के नकली नोट के नेटवर्क का भांडाफोड़, आप भी रहें सावधान

MP News: मध्यप्रदेश के भोपाल शहर में नकली नोटों की सप्लाई करने वाले गिरोह को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सैफुल इस्लाम ने भोपाल को नकली नोटों (Fake 500 Note) के ट्रांजिट पॅवाइंट के रूप में इस्तेमाल किया था। आरोपी कम कीमत का लालच देकर बाजार में नकली करेंसी फैलाने का काम कर रहा था। आरोपी 500 रुपए के नकली नोट करीब 300 रुपए में बेचता था। वहीं 1 लाख रुपए की फेक करेंसी लगभग 70 हजार रुपए में सप्लाई की जाती थी। सस्ते में ज्यादा रकम मिलने के लालच में लोगों को जाल में फंसाया जाता था।

नकली नोट (Fake 500 Note) खपाने से पहले होती थी रेकी

जांच में यह भी सामने आया है कि नकली नोट खपाने से पहले आरोपी बाजारों और दुकानों की रेकी करता था। वह पहले दुकानदारों और छोटे कारोबारियों से पहचान बढ़ाता और भरोसा जीतता था। इसके बाद धीरे-धीरे नकली नोट चलाने की कोशिश करता था। पुलिस को आशंका है कि स्थानीय संपर्कों की मदद से बाजार में नकली नोट फैलाए जा रहे थे।

Source: https://www.patrika.com/bhopal-news/fake-500-note-racket-busted-in-bhopal-20574360